बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

शुद्धि पत्र

1. गृह (आरक्षी) विभाग, बिहार के अन्तर्गत विधि विज्ञान प्रयोगशाला में वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी (विभिन्न प्रशाखा तथा प्रभाग) के पद पर नियुक्ति हेतु विभागीय पत्रांक 4679 दिनांक 07.07.2015 के आलोक में आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या– 08/2015 से विज्ञापन संख्या 17/2015 तक प्रकाशित कर सुयोग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। आयोग के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन की कंडिका 5 (नोट) में वि.सं. 08/2015 से 17/2015 तक के लिए उम्मीदवारों की दृष्टि बिना चश्मा के सामान्य होने की बात अंकित की गई थी। इस सम्बन्ध में विभागीय पत्रांक 8389 दिनांक 11.12.2015 से प्राप्त पत्र के आलोक में उपर्युक्त कंडिका में अंकित शर्त्त को विलोपित कर शुद्धि पत्र प्रकाशित किया जा चुका है। उक्त विभागीय पत्रांक के आलोक में कुछ उम्मीदवार ऐसे हो सकते हैं जिनकी दृष्टि बिना चश्मा के सामान्य नहीं होने के कारण उक्त विज्ञापन के विरूद्ध आवेदन नहीं कर पाए हो। अतः ऐसे उम्मीदवारों को आवेदन करने हेतु एक अवसर देने का निर्णय लिया गया है। तदालोक में उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में आयोग द्वारा वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए निम्नांकित विस्तारित तिथि निर्धारित की जाती है:–

1.		ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि	09.04.2016
2.	(i)	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) की तिथि	09.04.2016 से 13.04.2016
	(ii)	बैंक चालान डाउनलोड करने की तिथि	09.04.2016 से 13.04.2016
	(iii)	बैंक में चालान जमा करने की तिथि	09.04.2016 से 13.04.2016
	(iv)	डैशबोर्ड पर चालान विवरणी भरने की तिथि	09.04.2016 से 13.04.2016
3.		ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	09.04.2016 से 16.04.2016
4.		आयोग कार्यालय में निबंधित डाक से आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त होने की अंतिम तिथि	22.04.2016

2. यह भी स्पष्ट किया जाता है कि वैसे उम्मीदवार जो पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या 08/2015 से 17/2015 के अधीन ऑनलाईन आवेदन ससमय पूर्ण नही कर सके थे, वे भी इस शुद्धि पत्र के आलोक में पूर्व में प्राप्त पंजीकरण संख्या के आधार पर अथवा नये सिरे से पंजीकरण के आधार पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
3. **उम्मीदवारों को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि बैंक में चालान राशि जमा करने के बाद उसी दिन डैश बोर्ड पर चालान विवरणी अंकित कर लेगें चालान विवरणी अंकित करने के 24 घंटे बाद ऑनलाईन आवेदन प्रपत्र खुलेगा। उम्मीदवार दिनांक 13.04.2016 तक निश्चित रूप से चालान विवरणी डैश बोर्ड पर अंकित कर लें।**
4. **ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी सभी प्रमाण पत्रों एवं अंक पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से इस प्रकार भेजेंगे कि वह आयोग कार्यालय में शुक्रवार, दिनांक 22.04.2016 को संध्या 5.00 बजे तक प्राप्त हो जाए।**
5. पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या 08/2015 से 17/2015 तक में अंकित अन्य शर्त्तें यथावत रहेंगी। उक्त विज्ञापन को इस हद तक संशोधित समझा जाय। ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के लिए आयोग के वेबसाईट पर आवश्यक दिशा निर्देश उपलब्ध है। अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने के पूर्व उक्त दिशा निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे तथा आवेदन पत्र भरने के क्रम में सभी सूचनाएँ सही–सही अंकित करेंगे। आवेदन में भरी गयी सूचनाओं को मूल प्रमाण–पत्र/अंक पत्रों से मिलान करने के क्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। सभी आवेदक यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी वांछित प्रमाण–पत्र मूल रूप में उनके पास ऑनलाईन आवेदन भरते समय उपलब्ध है। इन्टरनेट या पोस्टल या बैंकिग व्यवधान के लिए आयोग उत्तरदायी नहीं होगा।
6. अतः अभ्यर्थी अंतिम तिथियों का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व सभी प्रक्रिया पूरी कर लेंगे। इसके बाद ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि का विस्तार नहीं किया जायेगा।
7. **उपर्युक्त शुद्धि पत्र के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन भरने से सम्बन्धित विस्तृत/आवश्यक निर्देश आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।**
8. **यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जो अभ्यर्थी पूर्व में अपना आवेदन पत्र भर चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन पत्र भरने की आवश्यकता नहीं है।**
9. किसी भी तरह की कठिनाई होने पर विज्ञापन एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु विस्तृत/आवश्यक निर्देश देखा जा सकता है तथा दिये गये हेल्पलाईन नम्बर पर कार्यालय अवधि सोमवार से शुक्रवार तक (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) 10.00 बजे पूर्वाह्न से 05.00 बजे अपराह्न तक निम्नलिखित दूरभाष पर सम्पर्क किया जा सकता है:– Phone No. 0612-2215795, Mob. No. +91-7544903018.

18/3/2016

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना